वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 10 | रविवार 5 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का राजस्थान में समापन विवेक विहार जैन मंदिर में



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अयोध्या में भव्य एवं विशाल जिनालय के निर्माण की जानकारी देने के लिए और सहयोग प्राप्त करने के लिए अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ राजस्थान के विभिन्न छोटे और बड़े शहरों में पिछले चार- पांच महीने से भ्रमण कर रहा था और आज राजस्थान में इसके समापन के अवसर पर इसकी अगवानी का सौभाग्य श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार को प्राप्त हुआ। जैन मंदिर समाज विवेक विहार के अध्यक्ष अनिल जैन आईआरएस ने बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी लोगों में एक अलग ही उत्साह और जोश था और सभी ने मंदिर में रथ का स्वागत किया। कई महीनों से रथ के साथ चल रहे शास्त्री जी अकलंक जी जैन ने अयोध्या तीर्थ में गणिनी आर्यिका 105 श्री ज्ञान मती जी माताजी के निर्देशन और देखरेख में बनने वाले विभिन्न जैन मंदिरों के निर्माण की रूपरेखा तथा उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही राजस्थान के संयोजक दिलीप जैन, उदय भान जैन और विमल बज का धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होने पूरे 4-5 महीने अपना समय देकर राजस्थान के विभिन्न शहरों तथा गांवों में रथ के रूट की प्लानिंग की और रथ के साथ भी विभिन्न शहरों और गांवों में गए। विवेक विहार समाज के दो धर्म प्रेमी परिवारों पदम - राजमती पाटनी और नलिन - सुधा जैन ने अयोध्या में बनने वाले विशाल व भव्य मंदिर में 1 -1 मूर्ति स्थापित करने की इच्छा जाहिर कर धर्म के प्रति अपनी गहरी भावनाओं को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर रथ शोभा यात्रा मंदिर के आस-पास के जैन समाज के घरों के सामने से निकाली गई जिसमें समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष अनिल जैन आईआरएस, कोषाध्यक्ष सुभाष कासलीवाल, उपाध्यक्ष मुकेश सेठी, सह मंत्री प्रवीण जैन, सह कोषाध्यक्ष धरम चंद जी व प्रणय पतंगया तथा महिला मंडल की पदाधिकारी अध्यक्ष सरला बांगड़ा, मंत्री अलका पांड्या, कोषाध्यक्ष सुनीता कासलीवाल तथा समाज के आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव पर महामस्तकाभिषेक हुआ संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महल योजना जगतपुरा स्थित जैन मंदिर में 20वे तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम का समापन हुआ। मंदिर समिति समन्वयक अभिषेक सांघी ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित अभिषेककर्ताओं ने विधिवत मंत्रोचार सहित 108 कलशों से श्रीजी का जलाभिषेक किया। युवा मंडल के धीरेंद्र एवं नमन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भक्ति पूर्वक बालकुमार को पलना झुलाया और राजा सौमित्र एवं माता पद्मावती के आंगन में बधाई गीत गाए। इस अवसर पर समाज श्रेष्ठी मुकेश श्रीमाल, दीपक बोहरा, अरुण सेठी, अंकित मित्रपुरा, विकास पांड्या, निर्मला मुकेश संघी, अनूप चंद, नवीन बडजात्या, सुनीता जैन, मोना जैन, मैना गंगवाल आदि उपस्थित रहे।

## खेतेश्वर महाराज का 112वां जन्म कल्याण महोत्सव

### जयपुर में राजपुरोहित समाज ने निकाली शोभायात्रा, बोले- अब अयोध्या में करवाया जाएगा हवन

**जयपुर. कासं**

खेतेश्वर महाराज के 112वें जन्म कल्याण महोत्सव के पावन पर्व पर राजधानी जयपुर में राजपुरोहित समाज की ओर से जयंती समारोह मनाया गया। अनंत श्री ब्रह्म ऋषि ब्रह्मचर्य ब्रह्मसावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर गुरुदेव तुलछाराम जी महाराज के सानिध्य में यह समारोह मनाया गया। जयपुर के खासा कोठी स्थित माया इंटरनेशनल होटल में आयोजित कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गणपति प्लाजा से शुरू होकर अमरापुर, एमआई रोड से कार्यक्रम स्थल, माया इंटरनेशनल होटल खासा कोठी पर संपन्न हुई। होटल में भजन संध्या 'एक शाम खेतेश्वर दाता के नाम' का आयोजन किया गया।



# भारतीय जैन मिलन स्थापना दिवस पर कार्यक्रम



गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया

अशोक नगर। भारतीय जैन मिलन की स्थापना दिवस के उपलक्ष में पारस जैन मिलन अशोक नगर द्वारा सर्वप्रथम सभी वीरों द्वारा पत्रिका अभियान ''अमृतम जलम'' के तहत तुलसी सरोवर पार्क में चल रहे सफाई अभियान में अपनी भागीदारी दी, उसके उपरांत पारसनाथ जिनालय में पहुंचकर शांति धारा, अभिषेक एवं पूजन सभी सदस्यों द्वारा किया गया। तत्पश्चात, अपना घर आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों को भोजन कराकर सभी सदस्यों ने धर्म एवं पुण्य लाभ लिया। संध्या समय में पारसनाथ जिनालय में केंद्र द्वारा निर्देशित प्रश्नावली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था उसमें संपूर्ण जैन समाज की महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों ने बहुत उत्साह दिखाया और सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पर मुस्कान जैन ,द्वितीय स्थान पर रोमी भारत एवं तृतीय स्थान पर अंकिता जैन रही और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कंसल जी, पारस जैन मिलन के संरक्षक डॉक्टर डी के जैन साहब, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संयोजक मनोज जी रन्नौद, तत्काल पूर्व क्षेत्र क्रमांक 12 के अध्यक्ष वीर नरेश जी जैन, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन,पूर्व अध्यक्ष सुयोग जैन ,शाखा अध्यक्ष जीतू जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, अंचल जैन, धीरज जैन गौरवजैन, गौरव मामा, मनीष जैन आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे''

# आजादी का अमृत महोत्सव – बीमारी से आजादी




महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा निशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का ICD, CONCOR, कनकपूरा में हुआ सफल आयोजन जेनेरिक दवाइयां एवं आंखों के चश्मो का किया वितरण ब्लड प्रेशर, शुगर, बी. एम. आई., हीमोग्लोबिन ई.सी.जी. की हुई निःशुल्क जांच जयपुर। ग्रेटर के सचिव राजेश बड़जात्या ने अवगत कराया कि महावीर इंटरनेशनल के ध्येय वाक्य आजादी का अमृत महोत्सव - बीमारी से आजादी निशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन गुरुवार, को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 तक भारत सरकार के उपक्रम भारत कंटेनर लिमिटेड (CONCOR), गोकुलपुरा, कनकपुरा जयपुर में महावीर इंटरनेशनल, दिल्ली के सहयोग से महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा CONCOR के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल द्वारा 121 व्यक्तियों की निशुल्क आँखों की जांच एवं इटरनल हॉस्पिटल के डाक्टर एवं उनकी टीम द्वारा 127 व्यक्तियों की ब्लड प्रेशर, शुगर, बी. एम. आई., हीमोग्लोबिन ई.सी.जी. की निशुल्क जांच की गई तथा शिविर में जेनरेटेड जेनेरिक दवाइयां व 50 आँखों के चश्मो का वितरण भी किया गया। वीर डॉ राजेंद्र कुमार जैन, उपाध्यक्ष ने बताया कि CONCOR के एसोसिएट आफिसर, संजय कुमार कुमावत वहां उपस्थित रहे। वीर सुरेश जैन बांदीकुई, उपाध्यक्ष ने अवगत कराया कि ग्रेटर के वीर डॉ नमोकार जैन, वीर अजीत जैन, वीरा सुशीला बड़जात्या, आदि सदस्यों द्वारा शिविर व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया। वीर धनु कुमार जैन, कोषाध्यक्ष के अनुसार महावीर इंटरनेशनल दिल्ली की श्रीमती धरती जी वार्ष्णेय के मार्ग दर्शन में कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प के अंत मे महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा , इटरनल हास्पिटल, शंकरा आई हास्पिटल के सहयोगी डाक्टर्स, तकनीशियन, लेब, आदि का सम्मान किया गया।

# समर वैकेशन में युवा प्रतिभाओं को तराशने का बेहतरीन मौका

## शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेशन प्रोग्राम सोमवार से शुरू

उदयपुर. शाबाश इंडिया




झीलों की नगरी में 16 से 25 साल की नवोदित प्रतिभाओं को विविध विषयों में बेहतर तरीके से तराशने की योजना को अमल में लाने के लिए शनिवार को प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम 'स्किल सेट स्टूडियो' का शुभारंभ हुआ। शहर के यूआईटी सर्किल स्थित वीआईएफटी कॉलेज परिसर सेमिनार हॉल में उपास्थित सैंकड़ों पंजीकृत प्रतिभागियों को तयशुदा 11 विभिन्न कोर्स के बारे में विषय विशेषज्ञों ने जानकारी दी। इससे पूर्व कॉलेज प्रशासन की ओर से डायरेक्टर डॉ रिमझिम गुप्ता ने सभी स्ट्रीम के एक्सपर्ट्स का स्वागत किया। बता दें, आगामी सोमवार यानि 6 मई से 30 मई तक कॉलेज परिसर में ही डिजिटल मार्केटिंग एंड ग्राफिक डिजाइन, वीडियो एडिटिंग टेक्निक्स, प्रोफेशनल फोटोग्राफी, फामेर्सी फॉर बैटर लाइफ, फिजियो थैरेपी फॉर पेनलैस लाइफ, स्पोकन इंग्लिश एंड पब्लिक स्पीकिंग, हेयर स्टाइलिंग-मेकअप एंड टैटू आर्ट, ज्वैलरी मैकिंग एंड ड्रेपिंग, मॉडल मेकिंग इन इंटीरियर, एंकरिंग एंड आरजे और फ्रेंच लैंग्वेज इंटरफेस जैसे सर्टिफिकेशन कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में प्रो. श्रीनिवासन अय्यर, वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे, राकेश शर्मा 'राजदीप', देवर्षि मेहता, मोहम्मद युनूस, संध्या मेहता, दीपक सिंघल, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. नरेन गोयल ने किया। संघ चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि इन तमाम कोर्सेज के माध्यम से नई पीढ़ी को अलग अलग सत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण के नए आयाम मिलेंगे। हालांकि इनके लिए अब तक किसी दो कोर्स में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे लेकिन अब कोई भी प्रतिभागी तीन कोर्स में ऑन द स्पॉट भी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सुबह 10 से 4 बजे के बीच 9672978017 और 9588936922 पर कॉल कर सकते हैं।

-रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# अक्षय तृतीया महोत्सव के लिए साध्वी मण्डल का शांति भवन में मंगल प्रवेश सोमवार को




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ शांतिभवन के तत्वावधान में 10 मई को आयोजित होने वाले अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव के लिए साध्वी मण्डल का मंगल प्रवेश सोमवार को होगा। श्रीसंघ के मंत्री सुशील चपलोत ने बताया कि पूज्य महासाध्वी पारसकंवरजी म.सा. आदि ठाणा, उप प्रवर्तिनी पूज्य महासाध्वी मैनाकंवरजी म.सा. आदि ठाणा, पूज्य महासाध्वी मधुकंवरजी म.सा. आदि ठाणा, पूज्य महासाध्वी मणिप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा का संयुक्त मंगल प्रवेश 6 मई सोमवार सुबह 7.15 बजे गोल प्याऊ चौराहे से श्रीसंघ शांति भवन में होगा। मंगल प्रवेश के बाद सुबह 9 बजे से शांति भवन में प्रवचन होंगे। बड़ा मांगलिक दोपहर 12.30 बजे प्रदान किया जाएगा। श्रीसंघ शांति भवन, शांति जैन महिला मण्डल एवं महावीर युवक मण्डल के सभी पदाधिकारियों ने श्रावक-श्राविकाओं से महासाध्वी मण्डल के मंगल प्रवेश से लेकर प्रवचन व अक्षय तृतीया महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता निभा कर उन्हें सफल बनाने का आग्रह किया है। श्रीसंघ के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ ने बताया कि महोत्सव के तहत वर्षीतप आराधना कर रहे 44 तपस्वियों का सामूहिक पारणा होगा। वर्षीतप पारणा करने के लिए आने वाले तपस्वीजन एवं उनके परिजनों के आवास-निवास की व्यवस्था भी श्रीसंघ द्वारा की जा रही है। पारणा महोत्सव में राजस्थान सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से वर्षीतप आराधक परिवारजनों के साथ पहुंचेंगे। अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव में शासन प्रभाविका राजस्थान प्रवर्तिनी साध्वी शिरोमणी पूज्य यशकंवरजी म.सा. की सुशिष्या सेवाभावी महासाध्वी पारसकंवरजी म.सा., उप प्रवर्तिनी साध्वी मैनाकंवरजी म.सा., महासाध्वी मधुकंवरजी म.सा., साध्वी कांताकंवरजी,साध्वी प्रतिभाकंवरजी, साध्वी पुष्पलताजी, साध्वी सुप्रभाजी, साध्वी मणिप्रभाजी, साध्वी कमलप्रभाजी, साध्वी ज्योतिप्रभाजी, साध्वी सुमनप्रभाजी, साध्वी डॉ.चिंतनश्रीजी, साध्वी मुदिताश्रीजी म.सा. आदि ठाणा का सानिध्य प्राप्त होगा। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी करेंगे।

# मन पर लगाम लगाने वाला संसार के समस्त दुखों से छुटकारा प्राप्त कर सकता है: उपप्रवर्तनी मैनाकंवर



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** इच्छाओं को बढ़ायें नहीं घटाओगे तभी जीवन मे सुख मिलेगा। शनिवार को शास्त्रीनगर अहिंसा भवन में अक्षय तृतीया पर वर्षीतप करने वाले तपस्वियों और श्रध्दालूओ को महासती मधुकंवर ने धर्मसभा में सम्बोधित करते हुये कहा कि मनुष्य जीवन मे आनन्द तभी ले सकता है जब वह मयार्दा मे रहकर अपनी इच्छाओं पर अंकुश लगा लेगा तो जीवन मे सुख प्राप्त करके अपनी आत्मा को पवित्र बनाकर संसार सागर से कर्म बंधन से मुक्ति दिलवा पाएगा। डॉ.चिंतनश्री ने कहा कि जो व्यक्ति इच्छाओगे के गुलाम हो जाता है वो जीवन मे सुख नही दुखः प्राप्त करता है। इस दौरान उपप्रवर्तनी मैनाकंवर ने साध्वी ज्योति प्रभा, साध्वी रूचीका एवं वर्षीतप करने वाले साधक-साधिकाओ के तप की अनूमोदना और महामंगल प्रदान करते हुये कहा कि मन पर जो व्यक्ति कन्ट्रोल और लगाम लेता है तो वह संसार के समस्त दुखों से छुटकारा प्राप्त कर अपनी आत्मा को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति दिलवा पाएगा। आयोजित धर्मसभा मे अहिंसा भवन मुख्य मार्गदर्शक अशोक पोखरना हेमन्त आंचलिया,अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल, सुशील चपलोत,दिनेश मेहता,शांतिलाल कांकरिया, हेमन्त बाबेल,अमरसिंह संचेती,जसंवत डागलिया,पारस कोठारी,जितेश चपलोत, सुंदर बापना तथा चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल,उमा आंचलिया,रजनी सिंघवी,सुनीता झामण,मंजू बापना,संतोष सिंघवी,कमला चौधरी,सरोज मेहता,अन्नू बापना आदि सभी ने धर्मसभा मे पधारें अतिथियो का बहूमान किया और वर्षीतप की आराधना करने.वाले सभी तपस्वीयों के तप की सामूहिक अनूमोदना की उषा,रेश्मा,प्रियंका बाबेल तथा आशा जैन आदि तरफ से सभी श्रध्दालूओ को प्रभावना प्रदान की गई। प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने जानकारी देतें हुये बताया दोपहर वर्षीतप के उपलक्ष्य में चौबीसी का आयोजन रखा गया जिसमे सैकड़ों महिलाओं भाग लिया।

# नेटथियेट पर गजल सांझ

## रौनक हमारे शहर में तनहा तुम्ही से है, घर-घर तुम्हारा जिक्र है चर्चा तुम्ही से है



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेटथियेट कार्यक्रम की श्रृंखला में आज गजल सांझ कार्यक्रम में गजल सिंगर नफीस अहमद ने अपनी मखमली आवाज में सुप्रसिद्ध शायरो की गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कलाकार नफीस ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत शायर कफील अहमदाबाद की गजल मिलने को यूं तो शहर में क्या-क्या नहीं मिला जिसकी तलाश थी वही चेहरा नहीं मिला से की । इसके बाद उन्होंने पारसा कौसरी जयपुरी की सुप्रसिद्ध गजल चैन मिल जाएगा जमाने को, फुख दूंगा जब आशियाने को और रौनक हमारे शहर में तन्हा तुम्ही से है, घर घर तुम्हारा जिक्र है चर्चा तुम्ही से है। शायर अनीस देहलवी की गजल सुना कर माहौल को रंगीन कर दिया ।और और अंत में नफीस अहमद द्वारा रचित एक गीत तुम्हें देखकर ऐसा लगा जैसे मिल गया सारा जहां सुन कर दाद पाई ।कलाकार नफीस ने जब अपनी पुरकशिश आवाज में इन गजलो को सुनाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। इनके साथ तबले पर निफतीयाज खान और गिटार पर नावेद खान ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर गजल की इस महफिल को परवान चढाया। कार्यक्रम संयोजन नवल डांगी, कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## वेद ज्ञान

### अपने कर्मों का फल

अपने दैनिक जीवन में वैसे तो हम कई प्रकार के कार्यों का निष्पादन करते हैं जिनमें से कुछ कार्य सार्थक होते हैं और कुछ कार्य निरर्थक। किसी भी उद्देश्य के साथ किए गए कार्य को सार्थक कार्य कहते हैं। 'सार्थक कार्य' का समुचित फल अवश्य मिलता है, जबकि किसी उद्देश्य के बगैर किए गए कार्य को निरर्थक कार्य कहा जाता है। लिहाजा इसका समुचित फल भी प्राप्त नहीं होता। हम जिस किसी भी कार्य को निष्ठापूर्वक करते हैं उसका फल हमें अवश्य मिलता है। मनुष्य जो कुछ भी करता है वह सब कर्म है, लेकिन इनमें से कुछ कर्म सार्थक होते हैं और कुछ निरर्थक। मेरा मानना है कि जो भी व्यक्ति ईश्वर को समर्पित होकर कर्म करता है उसका कर्म कभी निष्फल नहीं होता, लेकिन ऐसा प्रत्येक कर्म निष्फल हो जाता है जिसमें कर्ता को अभिमान का बोध होता है। ऐसा कहा जाता है कि जब कर्ता में अभिमान का विसर्जन हो जाए तो उसके द्वारा किया गया कर्म सार्थक बन जाता है। वैसे भी कर्म का फल उसी को मिलता है जो निष्ठापूर्वक और निराभिमान होकर कर्म करता है, लेकिन जो लोग कर्म के प्रति निष्ठावान नहीं होते और कर्म करने के पूर्व ही फल के प्रति आकांक्षी हो जाते हैं वे जीवन में किसी भी फल की प्राप्ति नहीं कर सकते। यह सोचकर कि कर्म का फल तो मिलना ही है, यदि हम निष्काम कर्म करेंगे तो उसका परिणाम तो मिलेगा ही। दूसरी ओर यदि कोई कर्म न करे और जीवनभर फल की कामना करता रहे तो उसे जीवन में अमृतकलश की प्राप्ति नहीं हो सकती। रामचरितमानस के एक संदर्भ में लंकापति रावण ने इसी को स्पष्ट करते हुए लक्ष्मण के संदर्भ में कहा है कि जो व्यक्ति जमीन पर पड़ा हो और हाथ से आकाश पकड़ना चाहता हो वह मूर्ख नहीं है तो और क्या है। दरअसल गोस्वामी तुलसीदास जी ने यहां रावण के मुख से एक बहुत बड़े सत्य का खुलासा कराया है, लेकिन ऐसा केवल लक्ष्मण के संबंध में ही नहीं कहा जा सकता। यह तो हम सभी के लिए भी उपयुक्त है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जो कर्म नहीं करे, अपने कर्तव्य को भुला दे, पराश्रित होकर जीवन जीने का प्रयास करे और जीवन को व्यवस्थित करने का कोई प्रयास न करे उसके जीवन में कोई उपलब्धि नहीं हो पाती। हम सभी का जीवन उद्देश्यपूर्ण है।

## संपादकीय

# आपराधिक छवि के लोगों से परहेज करने की जरूरत

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है। वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी। इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी।



मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा। मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुईं, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा। यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया। इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह तो यह बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला। बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे को टिकट देकर बेशक भाजपा इस जवाबदेही से बच गई है, पर यह तो जाहिर है कि वह चुनाव उनका बेटा नहीं, एक तरह से वे खुद लड़ेंगे। बृजभूषण शरण सिंह पर बेशक अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, मगर जिस तरह महिला पहलवानों ने उनके खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत किए और जांचों से भी उनके खिलाफ तथ्य सामने आए, उससे उन्हें फिलहाल निरपराध नहीं कहा जा सकता।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# घातक आत्मग्लानि

कर्नाटक हाई कोर्ट 'जाओ फांसी लगा लो' कहने को आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में रखने से मना कर दिया। अदालत आपत्तिजनक बयानों से जुड़े आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की जटिलताओं को दूर करने के मुद्दे पर विचार कर रही थी। तटीय कर्नाटक के उडुपी में गिरजाघर में पादरी की मौत के सिलसिले में हत्या के लिए उकसाने के आरोपों से जुड़ी याचिका पर अदालत ने यह कहा। आरोप है कि पादरी और याचिकाकर्ता की पत्नी के दरम्यान दैहिक संबंध थे। दोनों के बीच हुई बहस में उसने पादरी को मरने के लिए कहा। एकल जज की पीठ ने सर्वोच्च अदालत के पूर्व निर्णयों के आधार पर कहा सिर्फ बयानों को उकसाने वाला नहीं माना जा सकता। अदालत ने पिता और पादरी होने के बावजूद मानव मन की जटिलताओं का जिक्र करते हुए मामले को खारिज कर दिया। जिम्मेदार और धार्मिक पद पर होने के बावजूद सामाजिक मूल्यों का अनादर करने वाला शख्स आत्मग्लानि के चलते भी जिंदगी समाप्त कर सकता है। अपने समाज में साल दर साल आत्महत्याओं के मामले बढ़ते जा रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार सिर्फ एक साल (2022) में प्रति दिन 468 लोगों ने अपनी जान ली। खुद की जान लेने वालों में युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। खासकर सामाजिक पारिवारिक कारणों से लोग खुदकुशी कर लेते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अपनी जिंदगी से उकता कर, निराश होकर या आवेश में आत्महत्या करने वाले भी मानसिक तौर पर इसके लिए तैयार होते हैं, जिसके संकेत वे लगातार अपने करीबियों, परिवार या मित्रों को देते रहते हैं, जिसकी प्रायः अनदेखी की जाती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मानसिक प्रताड़ना, उलाहनों, उत्पीड़न और दोष मढ़े जाने से आजिज आकर भी लोग अपनी जान ले लेते हैं। मगर इस मामले में केवल कहासुनी



के दौरान मरने का ताना देना ही काफी नहीं कहा जा सकता। आत्म-ग्लानि भरे उपासकों के पाप-स्वीकरण सुनने वालों के प्रति आम जन जो सम्मान का भाव रखता है, उसका दुष्चरित्र होना, सामाजिक तौर पर अस्वीकृत और तिरस्कृत होता है। इसी सब से भयभीत होकर मृतक को यह कदम उठाना पड़ा होगा।

# गणाचार्य श्री विरागसागर जी महामुनिराज का 62वां अवतरण दिवस एवं गणिनी भूषण विज्ञाश्री माताजी का 13 वाँ गणिनी पदारोहण दिवस मंगल विहार, जयपुर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुलाबी नगरी जयपुर की पावन धरा पर जैन धर्म के सिद्धांतों को जयवंत करती हुई पूज्य गणिनी भूषण आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मंगल विहार कालोनी में गणाचार्य श्री विराग सागर जी का 62 वाँ अवतरण दिवस एवं भारत गौरव गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी का 13 वाँ गणिनी पदारोहण दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री जिनसहस्त्रनाम महार्चना से हुई। तत्पश्चात जिनेन्द्र भगवान की अभिषेक एवं शांतिधारा करने का आनंद सभी भक्तों ने प्राप्त किया। मंगलाचरण को



संगीतमय स्वर में जीतू जैन ने दिया। तत्पश्चात पूज्य गणाचार्य गुरूदेव के चित्र का अनावरण हुआ। उसके समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर गुरूमाँ के पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य गुरूभक्त राजेन्द्र भौंच सपरिवार ने प्राप्त किया। पिच्छिका भेंट करने का अहोभाग्य नवीन जैन ने प्राप्त किया। गुरुमाँ के आशीष से व्रत संयम पूर्वक पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य गुरुभक्त भागचंद कासलीवाल गुहाटी ने लिया। भक्तिमय लहरों के साथ गुरूदेव एवं गुरूमाँ की अष्टद्रव्य से पूजन करने जयपुर जैन समाज की कालोनियों से गायत्री नगर, जनकपुरी, वरुण पथ, विवेक विहार, शांतिनगर, मांग्यावास, लालकोठी, चौमू बाग, सांगानेर, नन्दपुरी, सिविललाईन, के भक्तों ने बड़े उत्साह के साथ भक्ति आराधना की।

## शिक्षा सौ तालों की चाबी है : सरना

### सेन समाज सबको साथ लेकर चलता है: मोदी



**नीमकाथाना।** नीमकाथाना के विधायक सुरेश मोदी का कहना है कि सेन समाज सदा से ही सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला समाज है और इसकी ईमानदारी व निष्ठा सदैव ही अनुकरणीय रही है। मोदी ने यह बात शनिवार को सेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही. मोदी ने कहा कि मैंने सेन समाज का सदा सम्मान किया है। मेरे पास जो भी सेन समाज का व्यक्ति आया है मैंने उनको पूरा सम्मान और प्यार दिया है। मोदी ने इस अवसर पर सेन छात्रावास के लिए जमीन आवंटन में भी पूरा सहयोग करने की बात कही. समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद नीमकाथाना के उप सभापति महेश मेगोतिया ने अपने उद्बोधन में सेनजी महाराज को नमन करते हुए जयंती की शुभकामनायें दी. वरिष्ठ भाजपा नेता दौलत गोयल ने कहा कि मुझे सेन समाज का स्नेह बरसों से मिलता रहा है.समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रधान महासचिव पत्रकार रोहिताश सेन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति से बड़ा समाज होता है,समाज से बड़ा कोई नहीं है. सेन ने समाज की एकता पर जोर देते हुए सबको एकजुट रहने का आव्हान किया. समारोह के अध्यक्ष अखिल भारतीय नारायणी धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सरना थे. सरना ने अपने सम्बोधन में शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा सौ तालों की चाबी है. समाज का समग्र विकास तभी संभव है जब हमारे समाज में शिक्षा का स्तर ऊपर उठेगा. सरना ने कहा कि शिक्षा के अलावा सबको एकता बनानी होगी. आज के युग में कहा गया है कि संघे शक्ति कलोयुगे. इसलिए सबको साथ लेकर चलें. बैठक की शुरूआत में सभी अतिथियों ने संत शिरोमणि सैन जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की तथा राष्ट्रीय नाई महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सरोज ने मंच संचालन किया.इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया गया. समारोह में सेन समाज नीमकाथाना के अध्यक्ष राजेंद्र सेन, तोरावाटी सेन समाज के अध्यक्ष मोहन लाल सेन, सचिव नथमल सेन, पार्षद कृष्ण कुमार सेन, मानसिंह सेन,नानगराम सेन,नेकीराम सेन,राजकुमार सेन,परशुराम सेन,रामजीलाल गोठवाल,हेमेश सेन समेत जिले के अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न की प्रवचन



**शाबाश इंडिया।** आज का आदमी भ्रम में जी रहा है, कि बच्चे परिवार मेरे सहारे जी रहे हैं, व चल रहे हैं, मैं बच्चों का भरण पोषण कर रहा हूँ। मैं नहीं होऊँगा, तो बच्चे दाने-दाने के लिए तरस जाएंगे, पत्नी भूखी मर जाएगी, तुम्हारा भ्रम कुछ चींटी के भ्रम से कम नहीं है? एक चींटी को नदी पार करनी थी, नदी पर लकड़ी का पुल था, हाथी ने कहा बहिन मेरे ऊपर बैठ जाओ, मैं उस पार छोड़ दूंगा। चींटी ने कहा हाथी भाई -- मेरे बैठने से पुल टूट जायेगा। हाथी हँसने लगा। शायद चींटी के भ्रम में और आदमी के भ्रम में कोई अन्तर नहीं है। एक छिपकली कमरे के लेन्टर पर घुम रही थी। हमने कहा -- बहिन नीचे आ जाओ। वह बोली- अरे अन्तर्मना, यदि मैं नीचे आ जाऊँगी तो पूरी छत आप पर गिर जायेगी। छिपकली और आदमी के भ्रम में कोई अन्तर नहीं है। आदमी भी यह सोच रहा है कि घर, परिवार, व्यापार, समाज को मैं ही चला रहा हूँ। मैं नहीं रहूँगा, तो सब कुछ अस्त व्यस्त हो जायेगा। आदमी सिर्फ निमित्त है, शेष सब अपने अपने भाग्य का ले रहे हैं। मैं कर्ता हूं- यही भ्रम आदमी को ना जीने दे रहा है, ना मरने दे रहा है। कर्म करो पर कर्ता बुद्धि मत रखो...!!! **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**


॥श्री मंशापूर्ण महावीराय नमः॥
॥ मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतमोगणी।
मंगलं पुष्पदंताद्यो, जैन धर्मोस्तु मंगलं॥ ॥
परम पूज्य पुष्पगिरी प्रणेता गणाचार्य
श्री 108 पुष्पदंतसागर जी महाराज
क्रांतिकारी
मुनि श्री 108 प्रतीक सागर जी महाराज
गुलाबी
नगरी जयपुर में
भव्य मंगल प्रवेश
रविवार–5 मई, 2024
प्रातः 8.00 बजे
हवामहल से मुनिश्री भव्य शोभायात्रा के रुप में प्रस्थान कर त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, लाल जी साड़ का रास्ता होते नाटाणियों का रास्ता स्थित पार्श्वनाथ भवन में भव्य मंगल प्रवेश करेंगे जहाँ धर्मसभा होगी।
निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, जयपुर

# आचार्य श्री अनेकांत सागर महाराज ने आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज को तीर्थ संरक्षक संवर्धक की उपाधि से अलंकृत किया

**उज्जैन. शाबाश इंडिया**



सप्तम पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 अनेकांत सागर महाराज का शनिवार की प्रातः बेला में तपोभूमि उज्जैन में मंगल प्रवेश हुआ मंगल प्रवेश की बेला में तपोभूमि में विराजमान तपोभूमि प्रणेता आचार्य गुरुवर प्रज्ञा सागर महाराज ने संघ सहित गुरुवर की अगवानी की। बैंड बाजा के साथ एवं जयकारों के बीच गुरुवर को तपोभूम भूमि के अंदर प्रवेश कराया गया । प्रवेश की बेला में आचार्य श्री अनेकांत सागर महाराज के साथ समस्त मुनि राजो ने तपोभूमि के दर्शन किए मूल नायक भगवान आदिनाथ के चरणों में वंदन किया। इस अवसर पर तपोभूमि कमेटी द्वारा आचार्य गुरुवर अनेकांत सागर महाराज का पद प्रक्षालन किया। इस अवसर पर तपोभूमि प्रणेता आचार्य गुरुवर 108 प्रज्ञा सागर महाराज ने भी अपना उद्बोधन प्रदान किया। इस अवसर पर आचार्य गुरुवर अनेकांत सागर महाराज ने भी अपना उद्बोधन प्रदान किया एवं तपो भूमि प्रणेता आचार्य गुरुवर 108 प्रज्ञा सागर महाराज को तीर्थ संरक्षक संवर्धक की उपाधि से अलंकृत किया। पूज्य आचार्य श्री ने उपाधि देते हुए अलंकरण पत्र में लिखा **तीर्थ हमारे धर्म के आस्था के केन्द्र हैं, तीर्थ चित्त की चेतना जागृत करते हैं।** तीर्थ एनर्जी एण्ड पावर के टॉवर है। द्रव्य तीर्थ और भाव तीर्थ का अन्योन्य संबंध है तीर्थ का अर्थ आगम -धर्म-पवित्र स्थल-आत्मा होता है। तीर्थंकर धर्मतीर्थ के प्रवर्तक होते है। तीर्थंकर के लघुनंदन भक्तवात्सल्य बालयोगीआचार्य श्री प्रज्ञासागर जी के पुण्यशाली व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अभीभूत होकर चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शांतिसागरजी की की अक्षुण्ण परंपरागत वर्तमान सप्तम पहाधीश परम पूज्य 108 आचार्य श्री अनेकांतसागरजी महाराज ने श्री शांतिसागरम् तीर्थ भोज कर्नाटक के सर्वांगीण विकास से प्रभावित होकर तीर्थ संरक्षक संवर्धक की उपाधि से अलंकृत करता हूँ। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# एंबीशन किड्स ने फ्रूट्रेला पार्टी में किया एन्जोय

**जयपुर.शाबाश इंडिया**




श्योपुर रोड, प्रताप नगर स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी में फ्रूटेला पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने बालक सज-धजकर विभिन्न फ्रूट परिधानों में आए, जिसमें मुख्य रुप से एप्पल, मैंगो, केला, वाटरमेलन, स्ट्रौबरी, ऑरेंज पपाया ड्रेगन फ्रूट इत्यादि प्रमुख थे। एंबीशन किड्स के वातानुकूलित सभागार में आयोजित इस समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चे अठखेलियां करते हुए जैसे ही स्टेज पर पहुंचे तो तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज गया।एंबीशन किड्स के प्रीप्राइमरी के सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व प्राचार्य डॉ अलका जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए फलों की महतता का वर्णन किया।उन्होंने बताया कि फ्रूट हमारे खान-पान का एक अहम हिस्सा है। ये हमारे शरीर को ताकत देते हैं ।हमारे शरीर को ऊर्जावान बनाने के लिए एक फ्रूट का नित्य प्रति सेवन करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि - ईट एन एप्पल ए डे, कीप्स डॉक्टर अवे। उपाचार्य अनीता जैन ने बताया कि खट्टे तथा मीठे दोनों प्रकार के फलों का सेवन करना चाहिए क्योंकि इनमें कैल्शियम,विटामिन मिनरल्स, प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट आदि प्रचुर मात्रा में होते हैं । अतः इनके नित्य सेवन से हम निरोगी रह सकते हैं। इसके दूसरे चरण में कक्षा एक के विभिन्न विद्यार्थियों ने फ्रूट्स के महत्व तथा उपयोगिता के बारे में प्रेजेंटेशन दिया तथा हर फ्रूट की जरूरत को विस्तार से समझाया । संस्था अध्यक्ष - अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ होम्योपेथ डॉ. मोहन लाल जैन मणि द्वारा प्रत्येक कक्षा के प्रतियोगियों में से बेस्ट क्रियेटिव पार्टिसिपेंट किड्स को स्पेशल प्राइस दिया तथा शेष प्रतियोगियों को भी व्यक्तिगत रूप से गिफ्ट प्रदान कर उत्साह वर्धन किया । इस अवसर पर निदेशक डॉ मनीष जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस प्रकार के प्रेजेंटेशन प्रोग्राम से बहुत कुछ सीखने को मिलता है ।जो भी विद्यार्थी रनर अप के रूप में रहा है, उन्हें अपने आप को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है तथा अगले आयोजन में और अधिक मेहनत और परिश्रम से विनर बनना है । एम्बीशन किड्स को फ्रूट इम्पोरटेन्स समझाने के लिए डाक्यूमेंटरी भी दिखाई गई। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ मेम्बर्स के लिए आरेन्ज जूस पार्टी का विद्यालय प्रबन्धन द्वारा आयोजन किया गया, जिसे सभी बच्चों ने बहुत एंजॉय किया ।



# कल्याण नगर, टोंक रोड जैन मंदिर में हुआ पंचामृत अभिषेक





**जयपुर. कासं**

कल्याण नगर, टोंक रोड स्थित मुनि सुब्रत नाथ भगवान के मंदिर में मूलनायक चमत्कारी श्री 1008 मुनि सुब्रत नाथ भगवान का जन्म कल्याणक एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन ने बताया कि मुनिसुब्रतनाथ भगवान के पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा शरद गोधा परिवार एवं चंचला देवी बोहरा परिवार द्वारा एवं सभी अभिषेकर्ताओं द्वारा पंचामृत अभिषेक दूध, दही, घी, केसर, चन्दन, आदि से किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल, हरकचंद, नवनीत एवं समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस दौरान पंचामृत अभिषेक की सभी क्रियाएं एवं शांतिधारा अशोक बौहरा द्वारा करवाईं गई। मंत्री नवनीत गोधा ने बताया कि भगवान के जन्मोत्सव पर शाम को 7.30 बजे मंदिर जी में विशेष आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता महिलाओं के द्वारा आयोजित की गई जिसमें समाज बंधुओं ने पूरी सहभागिता निभाई , जिसमें प्रथम व द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

# महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर की प्रेरणा से हुआ नेत्रदान

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। सेवा कार्य में अग्रणी संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर की प्रेरणा से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। संस्था अध्यक्ष अशोक पालडेचा ने बताया कि पूजनीय लीलादेवी जी धर्मपत्नी स्व. बाबुलाल जी भण्डारी के मरणोपरांत भण्डारी परिवार द्वारा नेत्रदान किया गया। इसके लिए उनके पुत्र दिलीप, मुकेश, अनिल भण्डारी अनुमोदना के पात्र हैं। इस हेतु डॉ. भरत शर्मा आई बैंक सोसायटी अजमेर की टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। संस्था कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहटा एवं सहसचिव योगेंद्र मेहता ने बताया कि नेत्रदान मानव सेवा विशेष उपक्रम हैं। यह व्यापक जनजागरूकता से ही संभव होता हैं। वृहद स्तर पर जागरूकता व सभी की सहभागिता के द्वारा ही इस मानव सेवा के संकल्प को जन जन तक पहुचाया जा सकता हैं। इस अवसर पर दिलीप, मुकेश, अनिल,,



प्रीतेश, वसन्ता, रेखा, संगीता भण्डारी परिवार सदस्यों के साथ नरेन्द्र गेलड़ा, अशोक पालडेचा, रूपेश कोठारी, अभिषेक नाहटा, योगेंद्र मेहता, बाबुलाल आच्छा, दिलीप दक, रोहित मुथा, राजेश मेहता, सुरेंद्र रांका, लक्ष्मीचंद भण्डारी, दिलिप भण्डारी, मनोज मुणोत, ध्रुव डोसी, राजेश गुंदेचा, डॉ तारेश जैन, प्रेम मुथा, पेमन्त बोहरा, मुकेश मुथा आदि उपस्थित थे।

# राजकीय बालिका विद्यालय नौगामा में वाटर कूलर भेट



**नौगामा. शाबाश इंडिया**

दिनांक 4 मई 2024 को बासला निवासी शंकर लाल मईड़ा द्वारा स्वर्गीय श्री शिवलाल जी वर्मा रिटायर्ड अध्यापक निवासी नोगामा की पुण्य स्मृति में स्थानीय विद्यालय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नौगामा में वाटर कूलर भेंट किया। इस उपलक्ष पर गांव से पधारे हुए महावीर इंटरनेशनल शाखा अध्यक्ष सुरेश गांधी, नरेश परमार सरपंच नौगामा, संजय वर्मा वार्ड पंच, विट्ठल भाई, ललित वर्मा एवं उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा की श्री शिवलाल जी एक समाज सेवी कार्यकर्ता थे और उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ समाज सुधार के भी कार्य किया, सुरेश गांधी ने कहा कि अभी वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है हमें सभी जीव जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था करनी है एवं आसमान में उड़ने वाले प्यासे, पक्षियों के लिए अपने घरों के बाहर परिंडे बांधकर एक लोटा पानी जरूर डालना है । कार्यक्रम का संचालन देवीलाल कलसुवा ने किया स्वागत उद्बोधन स्थानीय विद्यालय के अध्यापक हरिश्चंद्र उपाध्याय ने किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार जैन ने धन्यवाद भाषण दिया एवं उन्होंने कहा कि विद्यालय की हित के लिए भामाशाह द्वारा पूर्व में भी विद्यालय को सहयोग प्राप्त होता रहा है हितेश कुमार व्यास ने आभार प्रदर्शन किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग के लिए ARL infotect के प्रमोद पहाड़िया का किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति तथा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा ARL infotect के प्रमोद जी पहाड़िया का आज स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया। सन्मति ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि सन्मति ग्रुप द्वारा रीजन के तत्वावधान में लगाए गए 35 रक्तदान शिविरो व समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा स्मृति तृतीय जीवन रक्षक सम्मान समारोह के आयोजन में ARL infotect के प्रमोद जी पहाड़िया का आज दिए गए आर्थिक सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि सन्मति ग्रुप द्वारा रीजन के तत्वावधान में महावीर जयंती से आदिनाथ जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत 35 रक्तदान शिविरो का आयोजन 63 संस्थाओं के सहयोग से किया गया जिसमे 1700 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उल्लेखनीय है कि सभी शिविरो के मुख्य प्रायोजक आर के मार्बल ग्रुप , सह प्रायोजक ए आर एल इंफ्राटेक तथा दैनिक समाचार जगत परिवार थे। इनके सहयोग से सभी रक्तदाताओं को यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आई एस आई मार्का हेलमेट स्मृति स्वरूप भेट किया गया। इस अवसर पर सन्मति ग्रुप के संरक्षक एवम कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक दर्शन जैन भी उपस्थित थे।



## भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा - चालो शांतिनाथ के दरबार में रविवार को-पूजा के दौरान गूंजेंगे शांतिनाथ के जयकारे, होगा सम्मान समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार 5 मई को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालों शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दम्पति सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल होंगे। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि रविवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह में दोपहर 12 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री शांतिनाथ महामण्ड्ल विधान पूजा का संगीतमय आयोजन होगा। इस मौके पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि समाजसेवी लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाडी वाले दीप प्रज्जवलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, सासंद प्रत्याशी मंजू शर्मा, महापौर डॉ सौम्या गुर्जर, विधायक कैलाश वर्मा एवं उप महापौर पुनीत कर्णावट गौरवमयी अतिथि होंगे। सचिव आशीष जैन ने बताया कि सचिन - कल्पना जैन कामां वाले सौधर्म इन्द्र, कमल - मंजू वैद कुबेर इन्द्र, मनोज - सीमा सोगानी पहाडी वाले महायज्ञ नायक एवं आशीष - मोनिका वैद सिरोली वाले ईशान इन्द्र होंगे। श्री जैन के मुताबिक कमल - मंजू वैद को मुख्य संयोजक, राजेन्द्र - विमला छाबड़ा, प्रदीप - रानू जैन को संयोजक बनाया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रुप के दम्पति सदस्य, नार्दन रीजन के पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन शामिल होंगे।



**महाराज कुमार डॉक्टर लक्ष्यराज सिंह of मेवाड़ को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित जयपुर आर्ट फेयर में सूक्ष्म लेखन कलाकार निरु छाबड़ा कलाकृति दिखाए हुए।**

# गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ को जयपुर में चातुर्मास के लिए श्री फल भेट





## जयकारों के बीच 2500 वर्ष प्राचीन प्रतिमा के किए महामस्तकाभिषेक

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माता जी ससंघ के सानिध्य में केशवरायपाटन में श्री मुनिसुव्रत नाथ मण्डल पूजा विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर जैन बन्धुओं ने जयपुर में चातुर्मास करने के लिए श्रीफल भेट किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक इससे पूर्व जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रत नाथ की लगभग 2500 वर्ष प्राचीन एवं अतिशयकारी पद्मासन प्रतिमा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने महामस्तकाभिषेक किये गये। श्री मुनिसुव्रतनाथ पूजा विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने जैन भजनों पर भक्ति नृत्य किये। आयोजन में कोटा जैन समाज के अध्यक्ष विमल नागदा, कार्याध्यक्ष जे के जैन, महामंत्री विनोद जैन टोरडी, जयपुर के समाजसेवी रमेश ठोलिया, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्री धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के सूर्य प्रकाश छाबड़ा, दीपक बिलाला, आलोक मित्तल, मनीष लुहाडिया, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, देवेन्द्र गिरधरवाल, सौरभ जैन, गजेन्द्र शाह, श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जहाजपुर के मंत्री ज्ञानेन्द्र जैन सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर जयपुर, कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, केशवरायपाटन सहित पूरे देश से बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर जयपुर जैन समाज की ओर से पूज्य गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माता जी ससंघ को जयपुर में वर्ष 2024 के चातुर्मास हेतु श्री फल भेटकर निवेदन किया।

# धूमधाम से मनाया मुनिसुव्रत नाथ भगवान का जन्म कल्याणक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वैशाली नगर, नर्सरी सर्किल स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मुनिसुव्रत नाथ भगवान का जन्म कल्याणक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूजा-अर्चना के विशेष कार्यक्रम हुए। मंदिर कार्यकारिणी एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र बड़जात्या ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम तल की मूल वेदी पर विराजमान मुनिसुव्रत नाथ भगवान का जन्म कल्याणक व वैशाली नगर में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सानंद संपन्न होने के उपलक्ष में पर नित्य नियम पूजा के बाद साजों के बीच श्री मुनिसुव्रत नाथ विधान हुआ। हुआ। इस अवसर पर भगवान के प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा करने का सौभाग्य शेखर चंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्रों एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया गया। आयोजन की सारी क्रियाएं पंडित सनत कुमार शास्त्री ने सम्पन्न करवाई।

# ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट टेस्ट का भव्य आयोजन 10 मई को कोटा श्रीनाथ पुरम स्टेडियम में



**कोटा. शाबाश इंडिया**

डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कलर बेल्ट होना अनिवार्य है। इसीलिए 10 मई को कोटा में श्रीनाथ पुरम स्टेडियम में ब्लैक बेल्ट व कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए 5 दिन बेल्ट टेस्ट की निःशुल्क तैयारी करवाई जाएगी। कैम्प 4 मई से 10 मई तक आयोजित होगा। कोटा के सभी ताइक्वांडो खिलाडी अपना आधार कार्ड आईडी व फॉर्म श्रीनाथपुरम स्टेडियम में शाम को 5 से 7:30 को जमा करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।